# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

अधिशासी अभियन्ता,खण्ड कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण) भदोही–221304

E-Mail Id-eeupjnsrn@gmail.com CUG Mobile No.- +91 9473942678


पत्रांक 4053 / कार्य - 65 / 26 दिनांक– 28.07.2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम ग्रामीण,
6 राणा प्रताप मार्ग,
लखनऊ।

विषय :– **दैनिक भास्कर के न्यूज ई–पेपर में दिनांक 26.07.2026 में प्रकाशित " डीघ में जल जीवन मिशन अधूरा 5.29 करोड़ की टंकी से 03 माह से नहीं मिल रहा पानी" होने के सम्बन्ध में।**

महोदय

उपरोक्त विषयक दैनिक भास्कर के न्यूज ई–पेपर में दिनांक 26.07.2026 में प्रकाशित " डीघ में जल जीवन मिशन अधूरा 5.29 करोड की टंकी से 03 माह से नहीं मिल रहा पानी" होने के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि समाचार पत्र में प्रकाशित खबर विकास खण्ड – डीघ, स्थित डीघ उपरवार पाइप पेयजल योजना से सम्बन्धित नकारात्मक न्यूज प्रकाशित किया गया है।

प्रश्नगत योजना में 01 नग नलकूप, 01 नग पम्प हाउस, 01 नग शिरोपरि जलाशय, 01 नग सोलर पैनल, 01 नग बाउण्ड्रीवाल, 29.782 किमी0 वितरण प्रणाली एवं 1118 नग पेयजल गृह संयोजन के कार्य प्रस्तावित है। प्रस्तावित कार्यो के सापेक्ष नलकूप, पम्प हाउस, बाउण्ड्रीवाल, सौलर पैनल एवं वितरण प्रणाली के कार्य पूर्ण करा लिये गये है। 1118 नग गृह जल संयोजन के सापेक्ष 739 नग गृह जल संयोजन एवं शिरोपरि जलाशय का कार्य 60 प्रतिशत कार्य पूर्ण करा लिया गया है। योजना के द्वारा नियमित रूप से नलकूप के माध्यम से सीधे जलापूर्ति की जा रही थी। वर्तमान में मोटर पम्प में खराबी आ जाने के कारण जलापूर्ति बॉधित है, सप्ताहन्तर्गत मोटर पम्प का मरम्मत कराते हुये जलापूर्ति चालू करा दी जायेगी। योजना के समस्त प्रस्तावित कार्यो को दिसम्बर 2026 तक पूर्ण कराया जाना लक्षित है, तदानुसार कार्य प्रगति पर है। दिसम्बर 2026 तक योजना के समस्त कार्यो को पूर्ण कर योजना को क्रियाशील एवं जन उपयोगी कर दिया जायेगा।

अतः उपरोक्तानुसार आख्या आप महोदय की सेवा में सादर अवलोकनार्थ प्रेषित है।

भवदीय

अधिशासी अभियन्ता

**पृ0स0 व दिनांक यथोक्त।**

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

1. मुख्य अभियन्ता (वारा0क्षेत्र), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) वाराणसी।
2. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उप्र0 जल निगम (ग्रामीण) मीरजापुर।
3. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्त का अनुपालन सुनिश्चित करें।
4. मेसर्स वेलस्पन इण्टर प्राइजज भदोही को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्त कार्यो को ससमय पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

**अधिशासी अभियन्ता**